आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

संसद–सत्र

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहचा है। सत्र के पहले दिन आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रामन कल पहली फरवरी को केंद्रीय बजट–2025–26 पेश करेंगी। निर्मला सीतारमन लगातार 8वीं बार बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री होंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा और सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा। प्रदेश के युवाओं ने केंद्रीय बजट में युवा वर्ग और स्वास्थय पर केंद्रित होने की उम्मीद जताई है।

विक्रमादित्य सिंह

शहरी विकास एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ऊना शहर के बाहर एक रिंग रोड बनाया जाएगा, ताकि लंबी दूरी के वाहनों को शहर के बीच आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे शहर में यातायात और दुर्घटनाओं के जोखिम को कम किया जा सकेगा। ये बात विक्रमादित्य सिंह ने नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद शहर के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शहर के चारों ओर फोर–लेन की रिंग रोड के निर्माण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ मामला उठाया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं के लिए अतिरिक्त धन मिलेगा, जिससे विकास को गति मिलेगी।

एशियाई शीतकालीन खेल

एशियाई शीतकैलीन खेलों के लिए हिमाचल की तीन महिला खिलाड़ी चयनित हुई हैं। मनाली की रहने वाली ये तीनों महिला खिलाड़ी 7 से 14 फरवरी तक चीन के हार्बिन में आयोजित की जा रही एशियाई शीतकालीन खेलों में भाग लेंगी।

इस बीच उत्तराखंड में चल रही 38वीं राष्ट्रीय खेलों में कल हिमाचल की महिला कबड्डी टीम ने हरियाणा को 35–31 से मात दी। वहीं आज हिमाचल की टीम का मेजबान टीम उत्तराखंड के साथ अंतिम मैच होगा।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट बदलने लगा है। जिसके चलते राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालाँकि राज्य के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ़ बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल पहली फरवरी से ताज़ा पश्चमी विक्षोभ सक्रीय हो रहा है। जिसके चलते ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात और निचले कुछ स्थानों पर वर्षा

होने की सम्भावना है। जबकि 2 फरवरी को मौसम साफ़ रहेगा लेकिन 3 और 4 फरवरी को एक बार फिर मौसम ख़राब रहने के आसार हैं।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

अमर उजाला की सुर्खी है–प्रदेश में बिजली तैयार करेगा तेलंगाना–सुक्खू से डिप्टी सीएम ने जताई इच्छा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–केंद्रीय बजट पर हिमाचल प्रदेश की टिकी निगाहें–संसद का बजट सत्र आज से शुरू।

दैनिक जागरण ने लिखा है– हिमाचल में वेतन व पेंशन के लिए धन जुटाना चुनौती।

बिजली बोर्ड में कर्मचारियों व इंजीनियरों के 6 सौ पद होंगे समाप्त – पंजाब केसरी की एक खबर है।

———————————————————